


# मेले में रोड टैक्स में छूट के लिए शासन को लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 15 अक्टूबर.** व्यापार मेले में प्रतिवर्ष वाहनों के विक्रय पर रोड टैक्स में छूट प्रदान की जाती है। मेले में मिलने वाली छूट का न केवल ग्वालियरवासी बल्कि प्रदेश भर के निवासी लाभ उठाते हैं। वर्ष 2025-26 में आयोजित होने जा रहे ग्वालियर व्यापार मेले में भी वाहनों के विक्रय पर रोड टैक्स में छूट शासन द्वारा प्राप्त हो, इसके लिये संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने शासन को पत्र लिखा है।

**मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

**मेले में ऑटोमोबाइल सेक्टर में 38 दुकानों के लिये ऑनलाइन आवेदन प्राप्त**

ऐतिहासिक ग्वालियर व्यापार मेला अपने 120 वर्ष पूर्ण कर चुका है। मेले का इंतजार ग्वालियरवासी बेसब्री से करते हैं। इस वर्ष भी मेला अपनी गरिमा और भव्यता के साथ आयोजित हो। इसके लिये संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री द्वारा मेले की व्यवस्थाओं के संबंध मंट निरंतर समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। ग्वालियर व्यापार मेले में देश भर के व्यापारी अपनी भागीदारी कर सकें, इसके लिये मेले की दुकानों का आवंटन भी इस वर्ष ऑनलाइन प्रारंभ किया गया है। मेले के ऑटोमोबाइल सेक्टर में ऑनलाइन दुकानों के आवंटन का कार्य, शिल्प बाजार में दुकानो के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।मेला सचिव श्री सुनील त्रिपाठी ने बताया कि ग्वालियर व्यापार मेले में 32 बकायदार दुकानदारों द्वारा 4 लाख 79 हजार 660 रुपए जमा कर एनओसी प्राप्त कर ली गई है। इसके साथ ही ऑटोमोबाइल सेक्टर में दुकान आवंटन के लिये एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर 18 दुकानदारों द्वारा पंजीयन कर 38 दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए हैं। मेले की व्यवस्थाओं के साथ-साथ मेला परिसर की साफ-सफाई रंगाई-पुताई का कार्य भी तेजी के साथ किया जा रहा है।

## व्यापारियोंन ने कहा-ऑनलाइन आवेदन को सरल बनाया जाए, वरना गंभीर त्रुटि की आशंका

ग्वालियर। मेला व्यापारी संघ ने मेला प्राधिकरण के अधिकारियों से मांग की है कि प्राधिकरण द्वारा प्रारंभ की गई दुकानों के ऑनलाइन आवंटन की प्रक्रिया को इस तरह सरल एवं सुगम बनाया जाए कि कम पढ़े लिखे दुकानदारों को भी ऑनलाइन फॉर्म भरने में असुविधा का सामना न करना पड़े। मेला व्यापारी संघ ने यह भी कहा कि केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशानुसार आयोजित हुई समन्वय बैठक में विगत वर्ष के पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता देने, किराया वृद्धि वापस लेने, ईटेंडरिंग किसी भी स्थिति में लागू न करने एवं शिकमी दुकानदारों पर कार्यवाही जैसे जिन तमाम बिंदुओं पर सहमति बनी है, मेला प्राधिकरण पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ उनका पालन कराए। मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र भदकारिया, सचिव महेश मुदगल, संयोजक उमेश उप्पल, संयुक्त अध्यक्ष एवं प्रवक्ता अनिल पुनियानी, सह संयुक्त अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष अनुज गुर्जर हरिकांत समाधिया . पंडित विजय कब्जू ने आज एक संयुक्त वक्तव्य में आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मेला प्राधिकरण इस तथ्य से बखूबी अवगत है कि ग्वालियर मेला में दुकान लगाने वाले व्यापारियों में एक बड़ी संख्या ऐसे पारम्परिक व्यवसायियों की है जो कम पढ़े लिखे हैं एवं अंग्रेजी भाषा के ज्ञान से अनभिज्ञ हैं, इसके बावजूद ऑनलाइन आवेदन फॉर्म को अंग्रेजी में तैयार किया गया है जिसमें बीड्स, कीड्स, चीड्स जैसे क्लिष्ट अंग्रेजी शब्दों वाले कॉलम हैं। अंग्रेजी की अज्ञानता के चलते मेला व्यापारी यदि अनजाने में इन प्रविष्टियों को भर देते हैं तो वे ऑनलाइन फॉर्म में निर्दिष्ट कंडीशंस पूरी करने की जवाबदेही से बंध जाएंगे। मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने मांग की कि मेला की दुकानों के ऑनलाइन आवेदन को अंग्रेजी के बजाए हिन्दी में तैयार किया जाए। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए आने वाले सभी दुकानदारों को फॉर्म की सर्टिफाइड कॉपी प्रदान की जाए ताकि दुकानदार किसी अनुभवी जानकार से आवेदन फॉर्म के कॉलमों एवं चाही गई जानकारी के लिए सही ढंग से खुद को अपडेट कर सकें।

# भाइयों के विवाद में कूदा बीजेपी नेता, गोली मारी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 15 अक्टूबर.** दोस्त को साथ लेकर दूसरे दोस्त से मिलने दीनदयाल नगर गए भाजपा नेता में उस समय गोली मार दी गई जब उसने भाइयों के बीच हो रहे विवाद को शांत कराना चाहा। बीच बचाव से गुस्साए आरोपी ने पहले बंदूक से गोली अपने भाई को मारी और दूसरा फायर भाजपा नेता की तरफ करके कर दिया।

गोली चेहरे को छूते हुए निकल गई। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। महाराजपुरा थाना पुलिस ने मामला कायम कर लिया है और आरोपी की तलाश की जा रही है। रोबिन शर्मा आनंद नगर में रहने वाले अपने दोस्त अभिषेक यादव के साथ मंगलवार रात दीनदयाल नगर गया था।

**दीनदयाल नगर में देर रात की घटना**

दीनदयाल नगर में रोबिन शर्मा का दोस्त रोहित गुर्जर रहता है, उससे किसी काम के सिलसिले में मुलाकात करनी थी।

रोबिन शर्मा और अभिषेक शर्मा जब रात में दीनयाल नगर पार्क के सामने स्थित रोहित गुर्जर के घर पहुंचे तो वहां रोहित और मोहित के बीच विवाद हो रहा था। भाइयों के बीच विवाद होता देख रोबिन ने मामला शांत कराना चाहा।

इस बात पर मोहित गुर्जर इतना गुस्सा हो गया कि उसने बंदूक से एक फायर पहले अपने भाई रोहित पर किया, लेकिन वह बच गया। रोहित के बचते ही बंदूक की नाल रोबिन शर्मा की तरफ की और फायर कर दिया। गोली रोबिन के चेहरे को छूते हुए निकल गई।

गोली लगते ही घर में कोहराम मच गया और रोहित व अभिषेक ने मोहित गुर्जर को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह बंदूक लहराते हुए भाग गया।

# ज्ञानोदय विद्यालय में पॉक्सो एवं जेजे एक्ट पर कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 15 अक्टूबर.**समेकित बाल संरक्षण मिशन वात्सल्य योजना के तहत बुधवार को शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय में पोक्सो एवं जे.जे. एक्ट विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया । इन अधिनियमों में बच्चों के यौन शोषण से संरक्षण के लिए कौन कौन से अधिकारों का प्रावधान है और यह अधिनियम किस प्रकार बच्चों के हितों की रक्षा करता है। इस सब के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती ज्योति गर्ग एवं हार्टबीट फाउन्डेशन से श्री आलोक बेंजामिन ने पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार के अपने बचाव के लिए एक्ट के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं।

संस्था प्रमुख संभागीय उपायुक्त संजय खेड़कर द्वारा बच्चों को भयमुक्त वातावरण में रहने की आवश्यकता की बात कही।

उन्होंने जानकारी दी यदि कोई बच्चा पीडित है तो वह अपनी समस्या पालकों को, शिक्षकों को एवं चाइल्ड हेल्प लाइन में बता सकता है । कार्यशाला में विद्यालय का समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री दिनेश भदौरिया एवं आभार प्रदर्शन श्री तपन ओझा ने किया ।

# न्यायालय ने शिकायत को आधारहीन मानते हुये सेंट्रल बैंक के पक्ष में दिया निर्णय

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 15 अक्टूबर.** जिला उपभोक्ता फोरम शिवपुरी ने शिकायतकर्ता दामोदर रावत द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा शिवपुरी के विरुद्ध की गई शिकायत को आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दिया, साथ ही समस्त खर्चा 3000 रु. भी शिकायतकर्ता दामोदर रावत से सेंट्रल बैंक को दिलाए जाने बाबत आदेश पारित किया है। संक्षेप में प्रकरण इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता दामोदर रावत पुत्र सरनाम सिंह रावत निवासी ग्राम खोरगर तहसील शिवपुरी के पिता सरनाम सिंह द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा शिवपुरी से फसल ऋण लिया गया था उसके तहत बैंक द्वारा फसल बीमा भी किया गया था पिता की मृत्यु के पश्चात दामोदर रावत द्वारा उपभोक्ता फोरम न्यायालय शिवपुरी के समक्ष एक शिकायत परिवार पत्र प्रस्तुत की गई जिसमें यह कहा गया की फसल बीमा के साथ-साथ मेरे पिता का भी बीमा बैंक द्वारा किया गया था तथा इसका प्रीमियम भी लिया गया था इस वजह से पिता की मृत्यु होने से बैंक अपने दिए गए फसल ऋण को समाप्त करें एवं कृषि भूमि पर से बंधक समाप्त किया जाए तथा जमीन को कर्ज से मुक्त किया जावे सेंट्रल बैंक की ओर से अधिवक्ता मनीष कुमार मित्तल द्वारा बैंक की ओर से पैरवी करते हुए पक्ष समर्थन किया गया था एवं शिकायतकर्ता की जवाब की शिकायत का जवाब एवं बैंक प्रबंधक के शपथ पत्रों को प्रस्तुत किया गया था एवं फसल बीमा से संबंधित अन्य दस्तावेजों को भी प्रस्तुत किया गया था दोनों पक्षों की बहस श्रवण करने के पश्चात एवं दस्तावेजों को देखने के पश्चात जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग शिवपुरी द्वारा 13 अक्टूबर को निर्णय करते हुए शिकायतकर्ता दामोदर रावत द्वारा अनावेदक बैंक की गई गलत शिकायत को आधारहीन मानते हुए निरस्त किया तथा न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे द्वारा बैंक के पक्ष में निर्णय देते हुए शिकायतकर्ता दामोदर रावत को 3000 रुपये सेंट्रल बैंक को दिये जाने का आदेश पारित किया है।



# शहर की सड़कों पर न दिखे कचरा, समय पर निकलें सभी वाहन

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 15 अक्टूबर.** दीपावली के पर्व को देखते हुए सभी अधिकारी एंव कर्मचारी क्षेत्र में लगातार भ्रमण करें एवं प्रत्येक क्षेत्र में समय पर वाहन पहुंचे तथा सभी वाहन अतिरिक्त चक्कर लगायें जिससे किसी भी क्षेत्र में सड़क पर कचरा न दिखे। इसके साथ ही अतिरिक्त वाहन लगाने की आवश्यकता हो तो वह भी लगा लें। साथ ही दीपावली के दिन भी सभी कर्मचारी दोपहर एक बजे तक सफाई व्यवस्था में कार्य करें। उक्ताशय के निर्देश अपर आयुक्त श्री टी. प्रतीक राव ने स्वच्छता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए।

**अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव ने की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा**

निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी वर्कशॉप पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी, किशोर चौहान, एमएल लिथोरिया, दीपेन्द्र सेंगर, अजय ठाकुर सहित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, जेडएचओ एवं कचरा ट्रांसफर स्टेशन प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव ने निर्देश दिए कि किसी भी सडक पर कचरा न दिखे डोर टू डोर वाहन समय पर निर्धारित रूट पर पहुंचे। कार्यशाला प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि डिपो से सभी वाहन समय पर निकलें। इसके साथ ही सेकेंडरी वाहन भी अतिरिक्त चक्कर लगाकर कचरे को निर्धारित कचरा स्टेशन पर पहुंचायें।

## एक नजर में



### युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जाकर करे स्ट्रीट लाइट ठीक: महापौर डॉ. शोभा सिकरवार

ग्वालियर 15 अक्टूबर दीपावली के पर्व पर शहर में कहीं भी अंधेरा न रहे, शहर की सभी मुख्य रोडों की लाइट चालू करें, उसके लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर कार्य करें और एक शेड्यूल बनायें जिससे सभी वार्डों में कार्य सुनिश्चित हो सके। उक्ताशय के निर्देश महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने विद्युत एवं स्ट्रीट लाइट की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। बाल भवन के टीएलसी में आयोजित बैठक में एमआईसी सदस्य श्री अवधेश कौरव, श्री नाथूराम ठेकेदार, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री टी. प्रतीक राव, श्री प्रदीप तोमर सहित कार्यपालन यंत्री श्री अतिबल सिंह यादव, सहायक यंत्री श्रीमती अभिलाषा बघेल, श्री रामबाबू दिनकर सहित स्मार्ट सिटी एवं विद्युत विभाग से अधिकारी उपस्थित रहें। समीक्षा बैठक के प्रारंभ में महापौर डॉ. सिकरवार ने कहा कि दीपावली के चार से पांच दिन शेष है। अत: सभी वार्डों में लाइट की समस्या है काम कैसे करेंगे इसकी रूप रेखा आज ही बनाकर दें। उन्होंने कहा की बेण्डर से लाइट मंगाकर सभी वार्डों में तत्काल लाईट लगवाये एवं यह भी सुनिश्चित करें की किसी भी मुख्य मार्ग पर अंधेरा ना रहें।

### डस्टबिन नहीं रखने पर दुकानदारों से वसूला जुर्माना



ग्वालियर 15 अक्टूबर. नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ निरंतर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम अमले द्वारा निरंतर अभियान चलाया जाकर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री जोगेंद्र यादव के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 50 में दुकानदारों द्वारा सड़क पर गंदगी फैलाना एवं डस्टबिन नहीं रखने पर 5000 रूपये का जुर्माना किया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 39 में भैंस डेयरी संचालक से 1000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान दक्षिण फ्लाइंग स्पॉट प्रभारी श्री धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया, वार्ड हेल्थ ऑफिसर 50 श्री विक्रम बांगडे, श्री राहुल आदि उपस्थित रहे।

### निगम परिषद की बैठक आज

ग्वालियर 15 अक्टूबर .नगर निगम परिषद का अभियाचित सम्मेलन का आयोजन गुरूवार दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को दोपहर 3 बजे सभापति श्री मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा।

### वार्ड 63 के टीसी को दी जान से मारने की धमकी

**ग्वालियर, 15 अक्टूबर.** नगर निगम कार्यालय में वार्ड 63 पुरानी छावनी में पदस्त टीसी धर्मन्द्र सोनी जब अपना शासकीय कार्य कर रहे थे तब टैक्स बसूली करने पर सुरेंद्र राठौर ब अजीत तोमर द्वारा टीसी धर्मेंद्र सोनी को गाली गलोच ब जान से मारने की धमकी देने लगे और कहने लगे की आज के बाद हमारी कॉलोनी में टैक्स बसूला तो जान से खत्म कर देंगे । मामले को बड़ता देख जब कार्यालय के कर्मचारी अमित अरोरा, विजय शर्मा, नरेंद्र पचौरिया, लोकेंद्र शर्मा, व प्रदीप शर्मा जब बीचबचाब के लिए आये तो सुरेंद्र राठौर ब अजीत तोमर कहने लगे की आज तो इन्होंने बचा लिया लकिन आगे हमारी कॉलोनी में टैक्स बसूलने की कोशिश की तो जान से मार देंगे।



### 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन

**ग्वालियर, 15 अक्टूबर.** भारत विकास परिषद् के तत्वाधान में 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, डी. डी. नगर सहित 13 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ग्रीनवुड विद्यालय की वरिष्ठहिन्दी शिक्षिका श्रीमती रीनू भदौरिया के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 'भारत को जानो' के अन्तर्गत बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों खुशी तोमर व आदित्य गुर्जर ने प्रथम स्थान एवं वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों आशी शर्मा व मानवी तोमर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका श्रीमती किरन भदौरिया, संचालक डॉ. आदित्य भदौरिया, प्राचार्य श्री मनोज उपाध्याय, को-ऑर्डीनेटर श्रीमती उर्मिल सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार ने श्रीमती रीनू भदौरिया एवं विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन के लिए ढेरों शुभकामनाएँ दी.



### TIME ग्वालियर मे AQUA REGIA का सिटी फाइनल सम्पन्न – मिस हिल्स स्कूल विजेता घोषित

**ग्वालियर, 15 अक्टूबर.** TIME ग्वालियर द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित AQUA REGIA क्विज प्रतियोगिता का सिटी फाइनल बड़े उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में ग्वालियर शहर के 14 स्कूलों ने भाग लिया। प्रारंभिक चरण में प्रतियोगिता स्कूल स्तर पर आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक विद्यालय से विजेता टीमें सिटी फाइनल के लिए चयनित हुईं। सिटी फाइनल में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद मिस हिल्स स्कूल ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि नेशनल स्कूल ने दूसरा स्थान और सेंट्रल एकेडमी ने तीसरा स्थान हासिल किया। सिटी राउंड के विजेता मौलिक राज वर्मा और विशाल आर्य (मिस हिल्स स्कूल) अब ग्वालियर का प्रतिनिधित्व करते हुए रीजनल राउंड में भाग लेंगे, जो 15 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित होगा। TIME ग्वालियर के सेंटर डायरेक्टर जय प्रकाश गुप्ता ने सभी विजेताओं को बधाई दी और आगामी राउंड के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में ज्ञान, प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं।

**विजेता सूची**-प्रथम स्थान – मिस हिल्स स्कूल,द्वितीय स्थान - नेशनल स्कूल,तृतीय स्थान – सेंट्रल एकेडमी
















